गोदग्राम भोरमपुर में मना पोषण आहार माह

छुईखदान (सबेरा संकत)। वीरांगना अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय छुईखदान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोदग्राम-भोरमपुर में पोषण आहार माह मनाया गया। इस कार्यक्रम में गर्भवती माताओ को उनके लिए आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी स्वयं सेवकों द्वारा दी गयी। पोषण चक्र बनाकर स्वयं सेवकों ने माताओ को पोषण चक्र में सम्मिलित खाद्य पदार्थो से प्राप्त होने वाले विटामिन, प्रोटीन, आयरन, कैलिशयम एवं विभिन्न तत्वों से अवगत कराया। इसके उपरांत गांव में जागरूकता रैली निकाली गयी। इस अवसर पर गांव के सरपंच सूर्यकांत त्रिपाठी, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी विजय कुमार,सुश्री हुतेश्वरी साहू अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान विभाग, एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिला सशक्ती
GPS Map Camera
छुईखदान, छत्तीसगढ़, भारत
छुईखदान रोड, छुईखदान, छत्तीसगढ़ 491885, भारत
Lat 21.536859°
Long 81.003934°
26/09/22 01:11 PM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
छुईखदान, छत्तीसगढ़, भारत
छुईखदान रोड, छुईखदान, छत्तीसगढ़ 491885, भारत
Lat 21.536838°
Long 81.003952°
26/09/22 01:11 PM GMT +05:30
Google
College
khadan

GPS Map Camera
छुईखदान, छत्तीसगढ़, भारत
छुईखदान रोड, छुईखदान, छत्तीसगढ़ 491885, भारत
Lat 21.536843°
Long 81.003944°
26/09/22 01:09 PM GMT +05:30
Google

अवंती बाई शासकीय महावि
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
realme
Shot on realme 7

1
3
2
2022/11/07 16:58

अंचल हाइपर कनेक्ट

@ खेलकूद

छुईखदान महाविद्यालय की छात्राओं ने फहराया परचम

छुईखदान @ पत्रिका. सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स का आयोजन शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। कुल 16 महाविद्यालयों ने भाग लिया। इस आयोजन मे वीरांगना अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय छुईखदान की छात्रा कुमारी ललिता जंघेल बीए तृतीय वर्ष ने भाला फेंक खेल में भाग लिया और तृतीय स्थान अर्जित किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य शकुंतला त्रिपाठी मैडम ने इस छात्रा की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन किया और साथ ही कीड़ा प्रभारी विजय कुमार सहायक प्राध्यापक धन्नूलाल चंद्रवंशी अंग्रेजी और कीड़ा सहयोगी आशीष कुमार गणित प्राध्यापक के द्वारा छात्रा का उत्साह बढ़ाया और शुभकामनाएं दी।

@ समस्या दर

महिलाओं को सेहत के लिए किया जागरूक

छुईखदान। वीरांगना अवंतीबाई शासकीय महाविद्यालय छुईखदान की महिला प्रकोष्ठ इकाई ने गोपालपुर में महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक निरूपा वैष्णव ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्या का सबसे बड़ा कारण स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही है। दैनिक कार्य के निर्वहन में महिलाएं अपना ध्यान रखना भूल जाती है जो भविष्य में अनेक बीमारियों को जन्म देती है। कार्यक्रम में महिलाओं को मासिक धर्म की जानकारी दी गई। महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन वितरित किया गया। संचालन हुतेश्वरी साहू ने किया। इस अवसर पर बिंदु जंघेल तथा ग्राम की महिलाएं उपस्थित थी।

के अलावा गांव के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

गोपालपुर में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

छुईखदान(सबेरा संकेत)। वीरांगना अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ इकाई द्वारा ग्राम गोपालपुर में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक श्रीमती निरूपा वैष्णव ने अपने उद्बोधन में बताया कि ग्रामीण परिवेश में महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सबसे बड़ा कारण उनकी अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही है। अपने दैनिक कार्य के निर्वहन में महिलाएं अपना ध्यान रखना ही भूल जाती है जो कि भविष्य में अनेक प्रकार की बीमारियों को जन्म देती है। इस कार्यक्रम में महिलाओं को मासिक धर्म से संबंधित अनेक प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ की सदस्य सुश्री हुलेश्वरी साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुश्री बिंदु जंघेल अतिथि प्रध्यापक भौतिक एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के महिला स्वयं सेवक तथा ग्राम की प्रमुख महिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।